UPTET (SUPERTET) BEST NOTES

Visit Our
YouTube Channel

Download Our App

SACHIN CHOUDHARY



SACHIN CHOUDHARY

About the Author

In the realm of Education, there are rare individuals who not only impart knowledge but also ignite a flame of Ambition and Empowerment within their students. Sachin Choudhary sir stands tall among these luminaries, a Renowned and Experienced teacher.

He has qualified many Government Exams. Not only has he been a part of many government teaching training programs but also a guiding light for his students. Many of his students have cracked numerous Government Exams. A lot of his students are currently working in different Government Departments. As teaching is his passion, his aim has always been to provide quality education with the best content. He believes in hard work and honesty.

SACHIN ACADEMY

गणित

Maths

UPTET & SUPERTET BEST NOTES PAPER1 & 2 MATHS BY SACHIN ACADEMY

संख्या पद्धति (Number System)

परिभाषा (Definition)

संख्या और उनके गुणन का अध्ययन जिस पद्धति में किया जाता है, उसे **संख्या पद्धति** कहते हैं।

संख्याओं के प्रकार (Types of numbers)

प्राकृतिक संख्या (Natural Numbers, N)

- वस्तुओं को गिनने के लिए जो संख्या प्रयोग में आती हैं, उन्हें **प्राकृतिक संख्या** कहते हैं।
- **0 प्राकृतिक संख्या नहीं है।**
- **उदाहरण:** 1, 2, 3, 4, 5 … ∞
- **संकेतन:** N = {1,2,3,4,5,…}

पूर्ण संख्याएँ (Whole Numbers, W)

- यदि प्राकृतिक संख्या में 0 शामिल कर दें, तो इसे **पूर्ण संख्याएँ** कहते हैं।
- **उदाहरण:** 0, 1, 2, 3, 4 … ∞
- **नोट:**
  - सभी पूर्ण संख्याएँ धनात्मक पूर्णांक (Positive Integers), परिमेय (Rational) और वास्तविक (Real) होती हैं।
  - सभी प्राकृतिक संख्याएँ पूर्ण संख्याएँ हैं, लेकिन सभी पूर्ण संख्याएँ प्राकृतिक संख्या नहीं हैं (जैसे 0)।

पूर्णांक संख्याएँ (Integers, Z)

- प्राकृतिक संख्या, शून्य और ऋणात्मक संख्याओं का समूह ही **पूर्णांक** कहलाता है।
- **उदाहरण:** … -4, -3, -2, -1, 0, 1, 2, 3, 4 …

❖ **संकेतन:** Z= {…,−4,−3,−2,−1,0,1,2,3,4,…}

सम और विषम संख्याएँ

❖ **सम संख्या (Even Numbers, E):** 2 से विभाजित होने वाली संख्याएँ।

➢ **उदाहरण:** 2, 4, 6, 8 …

❖ **विषम संख्या (Odd Numbers, O):** 2 से विभाजित न होने वाली संख्याएँ।

➢ **उदाहरण:** 1, 3, 5, 7 …

अभाज्य और भाज्य संख्याएँ

❖ **अभाज्य संख्या (Prime Numbers):** 1 और स्वयं को छोड़कर किसी अन्य संख्या से विभाजित न होने वाली प्राकृतिक संख्या।

➢ **उदाहरण:** 2, 3, 5, 7, 11 …

❖ **भाज्य संख्या (Composite Numbers):** 1 और स्वयं को छोड़कर किसी अन्य संख्या से विभाजित होने वाली संख्या।

➢ **उदाहरण:** 4, 6, 8, 9, 12 …

परिमेय और अपरिमेय संख्याएँ

❖ **परिमेय संख्या (Rational Numbers, Q):** ऐसी संख्या जो pq\frac{p}{q}qp के रूप में लिखी जा सके, जहाँ p,qp, qp,q पूर्णांक हों और q≠0q \neq 0q=0।

➢ **उदाहरण:** 5/7, 8/9, 0, 7/9 …

❖ **अपरिमेय संख्या (Irrational Numbers):** परिमेय संख्याओं को छोड़कर बाकी सभी वास्तविक संख्याएँ।

➢ **उदाहरण:** √2, √3, -√2, -√3 …

वास्तविक संख्याएँ (Real Numbers, R)

- **परिमेय और अपरिमेय संख्याओं** का समूह **वास्तविक संख्या** कहलाता है।
- **उदाहरण:** 2/3, 8/9, √2, √3, -√2, -√3 …

अत्रिभाज्य संख्याएँ (Prime Triplet Numbers)

- तीन ऐसी प्राकृतिक संख्याएँ जिनका **महत्तम समापवर्तक (H.C.F) = 1**, उन्हें अत्रिभाज्य संख्याएँ कहते हैं।
- **उदाहरण:** 8, 9, 25

क्रम (Order of Numbers)

- **आरोही क्रम (Ascending Order):-** जब दो या अधिक भिन्नों को बढ़ते क्रम में रखा जाता हैं तब भिन्नों के इस क्रम को आरोही क्रम कहते हैं। इस क्रम में सबसे छोटा भिन्न सबसे पहले तथा सबसे बड़ा भिन्न सबसे अंत में लिखा जाता हैं।
- **अवरोही क्रम (Descending Order):-** जब दो या अधिक भिन्नों को घटते क्रम में सजाया जाता हैं तब भिन्नों के इस क्रम को अवरोही क्रम कहते हैं। इस क्रम में सबसे बड़ा भिन्न सबसे पहले तथा सबसे छोटा भिन्न सबसे अंत में लिखा जाता हैं।

नोट्स (Important Notes)

- 1 न तो अभाज्य (Prime) है और न ही भाज्य (Composite)।
- 2 सबसे छोटी अभाज्य संख्या है।
- 2 एकमात्र सम अभाज्य संख्या है।
- 3 सबसे छोटी विषम अभाज्य संख्या है।
- 4 सबसे छोटी भाज्य संख्या है।
- 9 सबसे छोटी विषम भाज्य संख्या है।
- 1-100 तक कुल अभाज्य संख्या: 25
- 1-50 तक कुल अभाज्य संख्या: 15
- 1-25 तक कुल अभाज्य संख्या: 9

➔ 25-50 तक कुल अभाज्य संख्या: 6

➔ 50-100 तक कुल अभाज्य संख्या: 10

भाजकता के नियम (Rules of Divisibility)

2 से भाजकता

- **नियम:** यदि किसी संख्या का **अंतिम अंक 0, 2, 4, 6 या 8** हो, तो वह संख्या 2 से भाज्य होती है।
- **उदाहरण:** 4350, 4258, 567084

3 से भाजकता

- **नियम:** यदि किसी संख्या के **अंकों का योगफल 3 से विभाजित हो**, तो वह संख्या 3 से भाज्य होती है।
- **उदाहरण:** 85761 → 8+5+7+6+1 = 27 → 27 ÷ 3 = 9 → संख्या 3 से भाज्य है।

4 से भाजकता

- **नियम:** यदि किसी संख्या के **अंतिम दो अंक (दहाई और इकाई)** 4 से विभाजित हों, तो संख्या 4 से भाज्य है।
- **उदाहरण:** 15396 → अंतिम दो अंक 96, 96 ÷ 4 = 24 → संख्या 4 से भाज्य है।

5 से भाजकता

- **नियम:** यदि किसी संख्या का **अंतिम अंक 0 या 5** हो, तो संख्या 5 से भाज्य है।

- **उदाहरण:** 85790, 12625

6 से भाजकता

- **नियम: यदि संख्या 2 और 3 दोनों से भाज्य हो, तो वह 6 से भी भाज्य होगी।**
- **उदाहरण:** 5730, 85944

7 से भाजकता

- **नियम: संख्या के अंतिम अंक को 2 से गुणा करके शेष संख्या से घटाएँ, यदि प्राप्त संख्या 7 से भाज्य हो तो मूल संख्या भी 7 से भाज्य है।**
- **उदाहरण:** 16807
  - 1680 - 7×2 = 1666
  - 166 - 6×2 = 154
  - 15 - 4×2 = 7 → संख्या 7 से भाज्य है।

8 से भाजकता

- **नियम: यदि किसी संख्या के अंतिम तीन अंक (सैकड़ा, दहाई और इकाई) 8 से विभाजित हों, तो संख्या 8 से भाज्य है।**
- **उदाहरण:** 73584 → अंतिम तीन अंक 584, 584 ÷ 8 = 73 → संख्या 8 से भाज्य है।

9 से भाजकता

- **नियम: यदि किसी संख्या के अंकों का योग 9 से विभाजित हो, तो संख्या 9 से भाज्य है।**
- **उदाहरण:** 47691 → 4+7+6+9+1 = 27 → 27 ÷ 9 = 3 → संख्या 9 से भाज्य है।

11 से भाजकता

- **नियम:** यदि किसी संख्या में **सम स्थानों के अंकों का योग और विषम स्थानों के अंकों का योग का अंतर 0 या 11 से विभाजित हो**, तो संख्या 11 से भाज्य है।

- **उदाहरण:** 95744

  - **सम स्थानों का योग = 9+7+4 = 20**
  - **विषम स्थानों का योग = 5+4 = 9**
  - अंतर = 20-9 = 11 → संख्या 11 से भाज्य है।

संख्याओ का भाग (Division of numbers)

(1) भाज्य = भाजक x भागफल + शेषफल

(2) भाजक = $\frac{\text{भाज्य} - \text{शेषफल}}{\text{भागफल}}$

(3) भागफल = $\frac{\text{भाज्य} - \text{शेषफल}}{\text{भाजक}}$

वास्तविक और स्थानीय मान (Face Value and Place Value)

स्थानीय मान (Place Value)

- किसी संख्या में किसी अंक का **स्थानीय मान** निकालने के लिए उस अंक के **स्थान के अनुसार उसका मान निर्धारित** किया जाता है।

- नियम: उस अंक के बाद जितने अंक बाकी हैं, उतने शून्य (0) लगा दें।

- **उदाहरण:** संख्या 38549 में

  - **5 का स्थानिक मान = 500**
  - **8 का स्थानिक मान = 8000**

➢ 3 का स्थानिक मान = 30000

वास्तविक मान (Face Value)

- किसी संख्या में किसी अंक का **वास्तविक मान** वह अंक स्वयं होता है, चाहे वह किसी भी स्थान पर हो।
- **उदाहरण:** संख्या 38549 में
  - ➢ 5 का वास्तविक मान = 5
  - ➢ 8 का वास्तविक मान = 8
  - ➢ 3 का वास्तविक मान = 3

लघुत्तम समापवर्त्य महत्तम समापवर्तक (H.C.F AND L.C.M)

H.C.F

- H.C. F उस बड़ी से बड़ी संख्या को कहते है जो किसी दी गई संख्या को पूरे तरीके से विभाजित (divided) कर दे
- 15, 20, 60 का H. C. F क्या होगा ?
- इसमें सबसे पहले छोटी वाली संख्या से उससे बड़ी वाली संख्या को भाग करेंगे फिर
- जो शेषफल (remainder) आया उस शेषफल से सबसे बड़ी वाली संख्या को भाग कर देंगे उसके बाद जो भागफल (quotient) आएगा वही H. C. F होगा

जैसे-

```
15 ) 20
     15
   ------
 5 ) 60 ( 12
     60
   ------
      0
```

15, 20, 60 का H.C.F = 5

L.C.M (Least Common Multiple)

परिभाषा:

- L.C.M वह **सबसे छोटी संख्या** होती है जो दी गई सभी संख्याओं से **पूरी तरह विभाजित (divisible)** हो जाए।
- इसमें सबसे बड़ी संख्या को दूसरी दी गई संख्याओं से विभाजित (divided) करेंगे अगर दी गई संख्याओं से सबसे बड़ी संख्या विभाजित हो गई तो वही संख्या L.C.M होगी अगर उनसे विभाजित नहीं हुई तो बड़ी वाली संख्या का पहाड़ा (table) पढ़ेंगे फिर उन दूसरी संख्याओं से विभाजित करेंगे अगर हो गई तो वही इन संख्याओं का L.C.M होगा अगर नहीं हुई तो फिर पहाड़ा ((table) पढ़ेंगे जब तक विभाजित न हो जाए ।

उदाहरण:

प्रश्न: 12, 15, 20 का L.C.M क्या होगा?

जैसे-

12, 15, 20 का L.C.M

20 × 3 = 60

12 × 5 = 60

15 × 4 = 60

तो,

12, 15, 20 का L.C.M = 60

इसका दूसरा तरीका ये है

3	12, 15, 60
4	4, 5, 20
5	1, 5, 5
	1, 1, 1

3 x 4 x 5 = 60

सार्व गुणक और गुणनखंड (Factors & Multiples)

सबसे छोटा सार्वगुणज (Smallest Common Multiple / L.C.M)

- किसी संख्याओं का L.C.M वह **सबसे छोटी संख्या** होती है जो दी गई सभी संख्याओं से पूरी तरह विभाजित हो।
- **उदाहरण:** 12 और 15 का L.C.M = 60

सबसे बड़ा सार्वगुणनखण्ड (Biggest Common Factor / H.C.F)

- किसी संख्याओं का H.C.F वह **सबसे बड़ी संख्या** होती है जो दी गई सभी संख्याओं को पूरी तरह विभाजित कर सके।
- **उदाहरण:** 12 और 15 का H.C.F = 3

गुणनखण्डों की संख्या (Number of Factors)

- किसी संख्या के **धनात्मक गुणनखण्डों (Positive Factors)** की संख्या निकालने के लिए **संख्या को इसके अभाज्य गुणकों में विभाजित** करें।
- नियम:
  - संख्या को prime factorization करें।
  - प्रत्येक अभाज्य गुणक की **power में 1 जोड़ें।**
  - सभी को आपस में **गुणा (multiply)** करें।
- **उदाहरण:** 105 के गुणनखण्डों की संख्या
  - 105 का prime factorization: $105 = 3^1 \times 5^1 \times 7^1$
  - हर power में 1 जोड़ें: (1+1) x (1+1) x (1+1)
  - गुणा करें: 2 x 2 x 2 = 8

➢ अत: 105 के **धनात्मक गुणनखण्डों की संख्या = 8**

धनात्मक गुणनखण्डों का योगफल (Sum of the Positive Factors)

परिभाषा:

- किसी संख्या के **सभी धनात्मक गुणनखण्डों का योगफल** निकालने के लिए prime factorization का उपयोग किया जाता है।

विधि (Step-wise Method):

1. संख्या को **prime factors में विभाजित** करें।
2. प्रत्येक prime factor की **power 0 से लेकर उसकी maximum power तक** जोड़ें।
3. सभी जोड़ को आपस में **गुणा (multiply)** करें।

उदाहरण:

प्रश्न: 210 का धनात्मक गुणनखण्डों का योगफल निकालिए।

1. **210 का prime factorization:**
    - $210 = 2^1 \times 3^1 \times 5^1 \times 7^1$
2. formula:
    - Sum of factors = $(2^0 + 2^1) \times (3^0 + 3^1) \times (5^0 + 5^1) \times (7^0 + 7^1)$
3. **जोड़ को हल करें:**
    - $(1 + 2) \times (1 + 3) \times (1 + 5) \times (1 + 7)$
4. **गुणा करें:**
    - $3 \times 4 \times 6 \times 8 = 576$

5. अतः 210 का **धनात्मक गुणनखण्डों का योगफल = 576**

Note:

(1) दो संख्याओ का गुणनफल = LCM X HCF

(2) पहली संख्या = $\frac{LCM \times HCF}{\text{दूसरी संख्या}}$

(3) दूसरी संख्या = $\frac{LCM\ X\ HCF}{\text{पहली संख्या}}$

भिन्न (Fraction)

ऐसी संख्या, जिसे p के रूप में व्यक्त किया जा सके, जहाँ q ≠ 0, भिन्न कहलाती है। p को भिन्न का अंश तथा q को भिन्न का हर कहते हैं। जैसे 3/5 एक भिन्न है जिसमें 3 भिन्न का अंश तथा 5 भिन्न का हर है।

भिन्नो के प्रकार (Types of fractions)

1. साधारण भिन्न (Simple fraction)

- जब किसी संख्या का पूर्ण भाग किसी संख्या में नही जाता है तो उसे हम साधारण भिन्न कहते है। जैसे 4 में 5 से भाग दिया जाए तो इसका पूरा भाग नही जाता है। जैसे:- 4/5 एक साधारण भिन्न है।

2. संक्षिप्त भिन्न (Lowest term fraction)

- वे भिन्न, जिनके अंश व हर परस्पर अभाज्य हों अर्थात् दोनों में कोई और संख्या उभयनिष्ठ न हो,
- जैसे- $\frac{3}{4}, \frac{4}{11}$

3. उचित व अनुचित भिन्न (Proper and Improper Fraction)

- वे भिन्न जिनमें हर अंश से अधिक हों, उचित भिन्न कहलाती हैं।

- जैसे- $\frac{2}{5}, \frac{3}{7}$
- वे भिन्न जिनमें अंश, हर से अधिक हों, अनुचित भिन्न कहलाती हैं।
- जैसे- $\frac{7}{4}, \frac{9}{4}$

4. मिश्र भिन्न (Mixed fraction)

- वे भिन्न, जो एक पूर्णांक तथा एक भिन्न से मिलकर बनती हैं, मिश्र भिन्न कहलाती हैं।
- जैसे- $3\frac{2}{3}, 7\frac{1}{6}$

5. व्युत्क्रम भिन्न (Inverse fraction)

- किसी भिन्न के अंश को हर तथा हर को अंश बनाकर प्राप्त भिन्न, पहले भिन्न का व्युत्क्रम भिन्न कहलाती है।
- जैसे- $\frac{5}{8}$ का व्युत्क्रम भिन्न $\frac{8}{5}$ है।

6. सतत् भिन्न (Continuous fraction)

- निम्न रूप से लिखी जाने वाले भिन्न सतत् भिन्न कहलाती है।
- जैसे- $2 + \frac{2}{4+\frac{1}{1+\frac{5}{6}}}$

7. संयुक्त भिन्न (Compound fraction)

वे भिन्न, जिनके अंश या हर या दोनों भिन्न होते हैं, संयुक्त भिन्न कहलाती हैं।

जैसे- $\frac{1}{7/9}, \frac{11/9}{13}$

दशमलव भिन्न (Decimal fraction)

यदि अंश (Numerator) में हर (Denominator) से भाग दिया जाए तो दशमलव में प्राप्त राशि दशमलव भिन्न कहलायेंगी।

जैसे- $\frac{2}{10}, \frac{3}{10}$

दशमलव भिन्नो के प्रकार (Types of decimal fractions)

1. पुनरावृत्त तशमलव भिन्न (Recurring Decimal fraction):

- वे दशमलव भिन्न, जिनमें दशमलव के बाद एक से अधिक अंकों की पुनरावृत्ति हो, पुनरावृत दशमलव भिन्न कहलाती है।
- ऐसी भिन्नों को प्रदर्शित करने के लिए पुनरावृत अंकों पर रेखा खींच देते हैं।
- जैसे- $\frac{2}{3} = 0.66666 \ldots \ldots = 0.6$, $\frac{22}{7} = 3.142857142857 = 3.14857$

2. शुद्ध पुनरावृत्त दशमलव भिन्न (Pure recurring decimal fraction)

- ऐसी पुनरावृत्त दशमलव भिन्न, जिनमें दशमलव बिन्दु के बाद के सभी अंकों की पुनरावृत्ति हो, शुद्ध पुनरावृत्त दशमलव भिन्न कहलाती है।
- इन भिन्नों को साधारण भिन्न में बदलने के लिए, दशमलव भिन्न को बिना दशमलव के अंश में लिखा जाता है। तथा हर में 9 उतनी ही बार लिखा जाता है जितनी बार अंको का दुहराव होता है।
- जैसे- 0.3 = $\frac{3}{9} = \frac{1}{9}$
- पुनरावृत्त अंकों की संख्या 1' है। अतः हर में 9 एक बार होगा।
- जैसे - 0.57 = $\frac{57}{99} = \frac{19}{33}$
- पुनरावृत्त अंकों की संख्या '1' है। अतः हर में 9 एक बार होगा।

3. मिश्रित पुनरावृत्त दशमलव भिन्न (Mixed recuring decimal fraction)

- ऐसी दशमलब भिन्न, जिनमें दशमलव बिन्दु के बाद कुछ अंकों की पुनरावृत्ति (Recurrence) होती है तथा कुछ की नहीं होती, मिश्रित पुनरावृत्त दशमलव भिन्न कहलाती हैं।
- जैसे - 0.19.3.223 आदि।

- इन्हें साधारण भिन्न में बदलने के लिए दशमलव बिन्दु के बाद के सभी अंकों की संख्या में से अपुनरावृत्त (unrepeated) भाग को घटाकर अंश के रूप में रख लेते हैं तथा हर में जितने पुनरावृत्त अंक हैं उतने ही बार 9 लेकर उसके बाद उतने ही शून्य लगाते हैं, जितने अपुनरावृत्त अंक हैं।
- जैसे- $0.27 = \frac{(27-2)}{90} = \frac{25}{90}$, $0.256 = \frac{(2956-29)}{9900} = \frac{2927}{9900}$

भिन्नो पर संक्रियाएँ (Operations - on fractions)

1. भिन्नों का योग (Addition on fractions)

(i) जब हर समान हों तो भिन्नों के अंशों का योग ज्ञात करके हर से भाग देते हैं।

जैसे- $\frac{1}{3} + \frac{2}{3} = \frac{3}{3} = 1 \quad \{1 + 2 = 3\}$

(ii) जब हर समान ना हों तो LCM लेते है।

जैसे- $\frac{1}{3} + \frac{3}{4} = \frac{4+9}{12} = \frac{13}{12}$

2. भिन्नों का अन्तर (Difference of fractions)

(i) जब हर (denominator) समान हों तो भिन्नों के अंशों (numerators) का अन्तर ज्ञात करके हर से भाग देते हैं

जैसे- $\frac{4}{3} - \frac{2}{3} = \frac{2}{3} \quad \{4 - 2 = 2\}$

(ii) जब हर समान ना हों तो LCM लेते है।

जैसे- $\frac{5}{3} - \frac{2}{6} = \frac{10-2}{6} = \frac{8}{6} = \frac{4}{3}$

3. भिन्नों का गुणा (Multiplication of fractions)

भिन्नों की गुणा करते समय भिन्नों के अंशों की गुणा तथा हरों की गुणा करते हैं। यदि भिन्न मिश्र रूप में हो, तो भिन्न को अनुचित भिन्न में परिवर्तित करके भिन्नों की गुणा ज्ञात करते हैं।

जैसे- $\frac{5}{3} \times \frac{1}{4} = \frac{5}{12}$

4. भिन्नों का भाग (Division of fractions)

जब एक भिन्न को किसी दूसरी भिन्न से भाग करते हैं, तब इसके लिए पहली भिन्न की गुणा दूसरी भिन्न के व्युत्क्रम (Inverse) से करते हैं। इस प्रकार, प्राप्त परिणाम की अभीष्ट भिन्न होती है।

जैसे- $\frac{4}{3}+\frac{5}{4}=\frac{4}{3}\times\frac{4}{5}=\frac{16}{15}$

प्रतिशत (PERCENTAGE %)

1. किसी **साधारण भिन्न (Ordinary fraction)** को प्रतिशत में बदलने के लिए दिए गए भिन्न को 100 से गुणा करके प्राप्त amount में प्रतिशत का sign (%) लगा दिया जाता हैं।

उदाहरण: $\frac{1}{2}$ को प्रतिशत के रूप में लिखिए।

हल = $\frac{1}{2}\times 100\% = 50\%$

2. किसी प्रतिशत को भिन्न में बदलने के लिए उसे 100 से भाग दिया जाए हैं तथा प्रतिशत का संकेत % हटा दिया जाता हैं।

उदाहरण: 25 प्रतिशत को भिन्न के रूप में लिखिए।

हल: $25\% = \frac{25}{100}\frac{1}{4}$

3. प्रतिशत को **दशमलव भिन्न (Decimal fraction)** में बदलने के लिए प्रतिशत के संकेत को हटाकर प्रतिशत वाली संख्या को लिखकर दाहिनी ओर से दो अंको के बाद दशमलव संकेत (.) लगा दिया जाता हैं।

उदाहरण: 50% को दशमलव भिन्न में बदलिए ।

हल: $50\% = \frac{50}{100} = 0.50$

4. दशमलव भिन्न को प्रतिशत में बदलने के लिए सबसे पहले **दशमलव भिन्न को साधारण भिन्न** में बदल दिया जाता हैं, साधरण भिन्न को 100 से गुणा करके प्राप्त राशि में प्रतिशत का sign (%) लगा दिया जाता हैं।

उदाहरण: 0.35 को प्रतिशत के रूप में लिखिए।

हल: 0.35 = $\frac{35}{100} = \left(\frac{35}{100} \times 100\right)\% = 35\%$

5. X Y% = $\frac{x \times y}{100}$

उदाहरण: 500 का 20% क्या होगा।

हल: $\frac{500 \times 20}{100}$ = 100 रुपये।

उदाहरण: 25, 50 का कितना प्रतिशत होगा।

हल: = $\frac{25 \times 100}{50} = 50\%$

लाभ और हानि (Profit and loss)

यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य (selling price) उसके क्रय मूल्य (cost price) से अधिक हो, तो उनके अंतर से प्राप्त धनराशि को लाभ (Profit) कहते हैं।

लाभ (P) = विक्रय मूल्य (S) - क्रय मूल्य (C)

यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य उसके क्रय मूल्य से कम हो, तो उनके अंतर से प्राप्त धनराशि को हानि (Loss) कहते हैं।

हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य

लाभ और हानि के सूत्र (Profit and loss formulae)

- लाभ (P) = विक्रय मूल्य (Selling price) - क्रय मूल्य (Cost price)
- हानि (L) = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य
- लाभ% (P%) = $\frac{\text{लाभ} \times 100}{\text{क्रय मूल्य}}$
- हानि % (L%) $\frac{\text{हानि} \times 100}{\text{क्रय मूल्य}}$

साधारण ब्याज (Simple interest)

जब कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति या महाजन या बैंक से कुछ धन उधार लेता हैं, तो यह उधार लिया गया धन मूलधन (Principal amount) कहलाता हैं।

जब ब्याज केवल मूलधन पर निश्चित समय के लिए एक ही दर पर लगाया जाता हैं, तब उसे साधारण ब्याज कहते हैं।

मूलधन और ब्याज के योग को **मिश्रधन (Compound money)** कहते हैं।

साधारण ब्याज के सूत्र (Formulae of Simple interest)

- साधारण ब्याज (Simple interest) $= \frac{\text{मूलधन}\,(P)\ X\ \text{दर}\,(R)\ x\ \text{समय}\,(T)}{100}$
- साधारण ब्याज = मिश्रधन (Compound money) - मूलधन (Principal amount)

भारतीय मुद्रा (Indian Currency)

वर्तमान में जो रुपया चलता है दरअसल यह कई सालों के बाद रुपया बना है सबसे पहले चलन में फूटी कौड़ी थी जो बाद में कौड़ी बनी इसके बाद;

A. कौड़ी से दमड़ी बनी

B. दमड़ी से धेला बना

C. धेला से पाई बनी

D. पाई से पैसा बना

E. पैसे से आना बना

F. आना से रुपया बना और अब क्रेडिट कार्ड और BITCOIN का जमाना आ गया है.

प्राचीन मुद्रा की एक्सचेंज वैल्यू इस प्रकार थी;

256 दमड़ी= 192 पाई=128 धेला = 64 पैसा = 16 आना = 1 रुपया

अन्य मुद्राओं की वैल्यू इस प्रकार है; (Exchange Value of Old Indian Currency)

(1) 3 फूटी कौड़ी (Footie Cowrie) = 1 कौड़ी

(2) 10 कौड़ी (Cowrie) = 1 दमड़ी

(3) 2 दमड़ी (Damri) = 1 धेला

(4) 1.5 पाई (Pai) = 1 धेला

(5) 3 पाई = 1 पैसा (पुराना) (6) 4 पैसा = 1 आना

(7) 16 आना (Anna) = 1 रुपया

(8) 1 रुपया = 100 पैसा

इस प्रकार ऊपर दिए गये पुराने समय की मुद्राओं की वैल्यू से स्पष्ट है कि प्राचीन समय में मुद्रा की सबसे छोटी इकाई फूटी कौड़ी थी जबकि आज के समय में यह इकाई पैसा है.

सरलीकरण (Simplification)

सरलीकरण के लिए महत्त्वपूर्ण नियम 'BODMAS' का प्रयोग किया जाता है।

B → Bracket (कोष्ठक)

0 → Of (का)

D → Division (भाग)

M → Multiplication (गुणा)

A → Addition (योग)

S → Subtraction (घटाव)

Bracket में सबसे पहले रेखा कोष्ठक ‾‾ फिर छोटा कोष्ठक) (फिर मझला कोष्ठक } { फिर बड़ा कोष्ठक] [को हल करते है। फिर भाग (÷), फिर गुणा (×) फिर योग (+) तथा अंत में घटाव (-) करते हैं

सरलीकरण में प्रयुक्त होने वाली महत्वपूर्ण सर्वसमिकाएँ

(Important Identities Used in Simplification)

- $(a + b)^2 = a^2 + 2ab + b^2$
- $(a - b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$
- $a^2 - b^2 = (a + b)(a - b)$
- $(a + b + c)^2 = a^2 + b^2 + c^2 + 2(ab + bc + ca)$
- $(a + b)^2 + (a - b)^2 = 2(a^2 + b^2)$
- $(a + b)^2 - (a - b)^2 = 4ab$
- $a^3 - b^3 = (a - b)(a^2 + ab + b^2)$
- $a^3 + b^3 = (a + b)(a^2 - ab + b^2)$
- $(a - b)^3 = a^3 - b^3 - 3ab(a - b)$
- $(a + b)^3 = a^3 + b^3 + 3ab(a + b)$
- $a^3 + b^3 = (a + b)^3 - 3ab(a + b)$
- $a^3 - b^3 = (a - b)^3 + 3ab(a - b)$
- $a^3 + b^3 + c^3 - 3abc = (a + b + c)(a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ca)$
- यदि $a + b + c = 0$, तो $a^3 + b^3 + c^3 = 3abc$
- $(a + b + c)^3 = a^3 + b^3 + c^3 + 3(a + b)(b + c)(c + a)$

मापन प्रणाली (Measurement system)

लम्बाई मापने की इकाइयाँ (Units to Measure Lengths)

लम्बाई को मुख्यत: किलोमीटर, हेक्टोमीटर, डेकामीटर, मीटर, डेसीमी, समी तथा मिमी आदि भौतिक इकाइयों द्वारा मापा जाता है।

लम्बाई मापने की इकाइयाँ एवं उनमें सम्बन्ध

(Units of measuring length and their relationship)

1 मीटर = 1000 मिलीमीटर

1 मीटर = 100 सेंटीमीटर

1 मीटर = 10 डेसीमीटर

1 मीटर = $\frac{1}{10}$ डेकामीटर

10 डेकामीटर = 1 हेक्टोमीटर

10 हेक्टोमीटर = 1 किलोमीटर

1 किलोमीटर = 1000 मीटर

1 हेक्टोमीटर = 100 मीटर

1 इंच = 2.54 सेमी (लगभग)

1 फुट = 0.3048 मीटर

1 यार्ड = 0.9144 मीटर

1 मील = 1760 यार्ड = 1.6 किमी

धारिता मापने की इकाइयाँ (Units to Measure Capacity or Volume)

धारिता को मुख्यत: **लीटर, सेंटीलीटर, मिलीलीटर** आदि भौतिक इकाइयों द्वारा मापा जाता है।

धारिता मापने की राशियाँ एवं उनमें सम्बन्ध

(Units of measuring Capacity and their relationship)

1 लीटर = 1000 मिलीलीटर

1 लीटर = 100 सेंटीलीटर

1 लीटर = 10 डेसीलीटर

10 लीटर = 1 डेकालीटर

10 डेकालीटर = 1 हेक्टोलीटर

1 किलोलीटर = 1000 लीटर

1 सेंटीलीटर = $\frac{1}{100}$ लीटर

1 मिली लीटर = $\frac{1}{1000}$ लीटर

द्रव्यमान मापने की इकाइयाँ (Units to Measure mass)

द्रव्यमान को मुख्यतः टन, क्विंटल, किलोग्राम, ग्राम, मिलीग्राम आदि भौतिक इकाइयों द्वारा मापा जाता है।

द्रव्यमान को मापने की इकाइयाँ एवं उनमें सम्बन्ध (Units of measuring mass and their relationship)

1 टन = 10 क्विंटल = 1000 किलोग्राम

1 क्विंटल = 100 किलोग्राम

1 किलोग्राम = 10 हेक्टोग्राम

1 किलोग्राम = 1000 ग्राम

1 किलोग्राम = 10,000 डेसीग्राम

1 किलोग्राम = 10,0000 सेंटीग्राम

1 किलोग्राम = 10,00000 मिलीग्राम

1 औंस = 28.35 ग्राम

1 पाउण्ड = 454 ग्राम

समय मापने की इकाइयाँ (Units to Measure Time)

समय को मुख्यत: **घंटा, मिनट तथा सेकण्ड** आदि भौतिक इकाइयों द्वारा मापा जाता है।

समय मापने की इकाइयाँ तथा उनमें सम्बन (Units of measuring Time and their relationship)

1 सामान्य वर्ष = 365 दिन

366 दिन = 1 लीप वर्ष

1 वर्ष = 12 माह

1 दिन = 24 घंटे

1 घंटा = 60 मिनट

1 मिनट = 60 सेकण्ड

1 सेकण्ड = $\frac{1}{60}$ *मिनट*

तापमान (Temperature)

तापमान किसी वस्तु की **उष्णता की माप** है। अर्थात्, तापमान से यह पता चलता है कि कोई वस्तु ठंढी है या गर्म।

तापमान मापन का सूत्र (Temperature measurement formula)

$$\frac{C}{5} = \frac{F-32}{9} = \frac{K-273.15}{5}$$

0°F = -17.78°C

32°F = 0.00°c

0°C = 273.15K

जैसे: हमे 90°C को F में बदलना है तो

C=90

$$\frac{90}{5} = \frac{F-32}{9}$$

F = 18 × 9 + 32

F = 194°

समय, दूरी और चाल

(Time, distance and speed)

समय (Time)

- किसी व्यक्ति या यातायात के साधन द्वारा इकाई चाल से चली गई दूरी, उसके समय को निर्धारित करती हैं।
- **समय का सूत्र : समय (Time) =** $\frac{\text{दूरी (Distance)}}{\text{चाल (Speed)}}$

सापेक्ष चाल (Relative Speed)

- यदि दो वस्तुएं क्रमशः a किलोमीटर/घण्टा व b किलोमीटर/घण्टा की चाल से चल रही हैं, तब
- दोनों विपरीत दिशा में हो, तो सापेक्ष चाल = (a + b) किलोमीटर/घण्टा
- दोनों समान दिशा में हो, तो सापेक्ष चाल = (a - b) किलोमीटर / घण्टा

रेलगाड़ी और प्लेटफॉर्म (Train and Platform)

- जब कोई रेलगाड़ी किसी लम्बी वस्तु या स्थान (प्लेटफार्म / पुल / दूसरी रेलगाड़ी) को पार करती हैं, तो रेलगाड़ी को अपनी लम्बाई के साथ-साथ उस वस्तु की लम्बाई के बराबर अतिरिक्त दूरी भी तय करनी पड़ती हैं,
- **अर्थात कुल दूरी = रेल की लम्बाई + प्लेटफॉर्म या पुल की लम्बाई**

दूरी (Distance)

- किसी व्यक्ति या यातायात के साधन द्वारा स्थान परिवर्तन को तय की गई दूरी कहा जाता हैं।
- **दूरी का सूत्र : दूरी (Distance) = चाल (Speed) x समय (Time)**

चाल (Speed)

- किसी व्यक्ति/यातायात के साधन द्वारा इकाई समय में चली गई दूरी, चाल कहलाती हैं।
- **चाल का सूत्र : चाल (Speed) =** $\frac{\text{दूरी (Distance)}}{\text{समय (Time)}}$
- चाल का मात्रक (unit) मीटर / सेकंड अथवा किलोमीटर / घण्टा (km/hr) होता हैं।
- यदि चाल मीटर / सेकंड में हैं, तो किलोमीटर/घण्टा = 18/5 x मीटर / सेकंड
- यदि चाल किलोमीटर / घण्टा में हैं, तो मीटर / सेकंड = 5/18 x किलोमीटर/घण्टा

समय, दूरी और चाल (Time, Distance and Speed) - महत्वपूर्ण बिंदु

1. औसत चाल (Average Speed)

- औसत चाल = कुल चली गई दूरी ÷ कुल लगा समय
- यदि कोई वस्तु **एक ही दूरी** दो अलग-अलग चालों x और y से तय करती है, तो
  औसत चाल = (2 x x x y) ÷ (x + y) किलोमीटर/घंटा

2. सापेक्ष चाल (Relative Speed)

- **एक ही दिशा में:**
  यदि दो वस्तुएँ a और b किलोमीटर/घंटा की चाल से समान समय और स्थान से चल रही हैं, तो
  सापेक्ष चाल = a - b किलोमीटर/घंटा
- **विपरीत दिशा में:**
  यदि दो वस्तुएँ विपरीत दिशा में चल रही हैं, तो

सापेक्ष चाल = a + b किलोमीटर/घंटा

3. चाल और समय का अनुपात

- यदि दो व्यक्ति A और B **चालों के अनुपात a:b** से चलते हैं, तो **एक ही दूरी तय करने में लिया गया समय का अनुपात = b:a**

4. दूरी का निर्धारण (Distance Formula)

- यदि कोई व्यक्ति A से B तक x किलोमीटर/घंटा की चाल से चलता है और t1 समय **देर से पहुँचता है**, और y किलोमीटर/घंटा की चाल से चलता है तो t2 समय **जल्दी पहुँच जाता है**, तो A और B के बीच की दूरी:

दूरी = (X x Y x (t1 + t2)) ÷ (Y - X) किलोमीटर

- X और Y = चालें (km/h)
- t1 और t2 = समय का अंतर (घंटे)

क्षेत्रमिति (Mensuration)

क्षेत्रफल और परिमाप (Area and Perimeter)

1. क्षेत्रफल (Area)

- किसी आकृति का **उसके सभी भुजाओं से घिरे हुए तल** को क्षेत्रफल कहते हैं।

- **क्षेत्रफल की इकाइयाँ (Units):**
  - **वर्ग मीटर (Square meter)**
  - **वर्ग सेंटीमीटर (Square centimeters)**
  - **वर्ग किलोमीटर (Square kilometer) आदि**

2. परिमाप / परिमिति (Perimeter)

- किसी आकृति के **सभी भुजाओं की लंबाई का योग** परिमाप या परिमिति कहलाता है।
- परिमाप की इकाइयाँ: मीटर, सेंटीमीटर, किलोमीटर आदि

त्रिभुज (Triangle)

- **तीन भुजाओं से घिरा समतल क्षेत्र त्रिभुज कहलाता है।**
- त्रिभुज के लिए प्रतीक: "△"
- **किसी भी त्रिभुज में:**
  - **तीन भुजाएँ**
  - **तीन शीर्ष (Vertices)**
  - **तीन कोण (Angles) होते हैं**
- त्रिभुज के **तीनों कोणों का योग = 180°**

1. समबाहु त्रिभुज (Equilateral Triangle)

- जिस त्रिभुज की **तीनों भुजाएँ बराबर** हों, उसे समबाहु त्रिभुज कहते हैं।
- समबाहु त्रिभुज के **प्रत्येक कोण का मान = 60°**
- **क्षेत्रफल:** (√3 / 4) × भुजा²
- **परिमाप:** 3 x भुजा
- **शीर्ष बिंदु से डाले गए लम्ब की लंबाई (Height):** (√3 / 2) × भुजा



2. समद्विबाहु त्रिभुज (Isosceles Triangle) : जिस त्रिभुज की किन्हीं दो भुजाओं की लम्बाई बराबर हों, उसे समद्विबाहु त्रिभुज कहते हैं।

- **समद्विबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल =** $\frac{b}{4}$ $(\sqrt{4a2} - b2)$
- **समद्विबाहु त्रिभुज का परिमाप = a+ a + c या 2a + b**

3. विषमबाहु त्रिभुज (Scalene Triangle) : जिस त्रिभुज की तीनों भुजाएं असमान लम्बाई की हो, उसे विषमबाहु त्रिभुज कहते हैं।

- **विषमबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल = ½ x आधार x ऊँचाई**
- **विषमबाहु त्रिभुज का परिमाप = तीनों भुजाओं का योग = (a + b + c)/2**
- विषमबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल = (√s(s - a) (s - b) (s - c)

4. समकोण त्रिभुज (Right Angle Triangle) : जिस त्रिभुज का एक कोण समकोण अर्थात 90° का हो, उसे समकोण त्रिभुज कहते हैं।

- **यदि समकोण त्रिभुज में ABC के समकोण होने के साथ-साथ AB और BC की लम्बाईया भी बराबर हों, तो त्रिभुज ABC को समद्विबाहु समकोण त्रिभुज (Isosceles right angled triangle) कहते है।**
- **समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल = ½ x आधार x ऊँचाई**
- **समकोण त्रिभुज का परिमाप (Perimeter of Right angle Triangle) = (लम्ब (perpendicular + आधार (base) + कर्ण (hypotenuse)) = (a + b + c)**
- **समकोण त्रिभुज का कर्ण =** $\sqrt{(\text{लम्ब}^2 + \text{आधार}^2)}$
- समकोण त्रिभुज का लम्ब = $\sqrt{\text{कर्ण}^2 - \text{आधार}^2}$

❖ समकोण त्रिभुज का आधार = √ कर्ण^2 - **लम्ब**^{2}



समकोण त्रिभुज की भुजाएँ (Right-Angled Triangle Sides)

क्रमांक	लम्ब (Perpendicular)	आधार (Base)	कर्ण (Hypotenuse)
1	3	4	5
2	5	12	13
3	7	24	25
4	8	15	17
5	9	40	41
6	11	60	61

5. समकोण (Right Angle) : जिस कोण की एक भुजा का मान 90° हो वो समकोण कहलाता हैं।

6. न्यूनकोण त्रिभुज (Acute Angled Triangle) : जिस त्रिभुज के तीनों कोण न्यून कोण अर्थात 90° से कम हो, उसे न्यून कोण त्रिभुज कहते हैं।

7. अधिक कोण त्रिभुज (Obtuse-angled triangle) : जिस त्रिभुज का एक कोण अधिक कोण अर्थात 90° से अधिक हो, उसे अधिक कोण त्रिभुज कहते हैं त्रिभुज ABC में ‹ABC की माप 90° से अधिक हैं।

8. पुनयुक्त कोण (Reflex Angle) : जो कोण दो समकोण से बड़ा किन्तु चार समकोण से छोटा होता हैं उसे पुनयुक्त कोण कहते हैं।

9. ऋजुकोण (Straight Angle) : जिस कोण की माप 180° के बराबर हैं उसे ऋजुकोण कहते हैं।

10. कोटीपुरक कोण (Complementary): यदि दो कोणों की मापों का जोड़ 90° हो तो वे परस्पर पूरक या कोटीपुरक कहलाते हैं।

11. सम्पूरक कोण (Supplementary) : यदि दो कणों की मापों का जोड़ 180° हो तो वे परस्पर सम्पूरक कोण कहलाते हैं।

चतुर्भुज (QUADRILATERAL)

चार भुजाओं से घिरे समतल क्षेत्र को चतुर्भुज कहते हैं किसी भी चतुर्भुज में चार भुजाएँ तथा चार कोण होते हैं चतुर्भुज के चारों कोणों का योगदान चार समकोण 360° का होता हैं।

1. समान्तर चतुर्भुज (Parallelogram) : चार भुजाओं से घिरी वह आकृति, जिसके आमने-सामने की भुजाएँ बराबर और समान्तर हों, समान्तर चतुर्भुज कहलाती हैं इसमें सम्मुख कोण (Opposite angle) भी बराबर होते हैं।

ABCD एक समान्तर चतुर्भुज हैं जिसमें भुजा AB, CD के और AD, BC के समांतर तथा बराबर हैं BD समान्तर चतुर्भुज का विकर्ण (Diagonal) तथा AE इसकी ऊँचाई हैं।

यदि समान्तर चतुर्भुज ABCD की भुजाएँ a, b हो और A से BC पर डाले गए लम्ब AE की लम्बाई h हो, तो



- समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल (area) = आधार x ऊँचाई
- समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = कर्ण x आमने सामने के शीर्ष से कर्ण की लम्बाई दूरी = BD x CF
- समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = 2 x त्रिभुज ABD या BCD का क्षेत्रफल
- समान्तर चतुर्भुज का परिमाप (Perimeter) = भुजाओं का योगदान
- 2 x (a + b)

2. आयत (Rectangle) : चार भुजाओं से घिरी वह आकृति, जिसमें आमने सामने की भुजाएँ समान्तर और बराबर होती हैं तथा प्रत्येक कोण समकोण होता हैं, उसे आयत कहते हैं।



- AC तथा BD को विकर्ण कहते हैं तथा ये आपस में बराबर होते हैं अर्थात AC =BD
- आयत का परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)
- आयत का क्षेत्रफल = लंबाई x चौड़ाई
- आयत का विकर्ण = (लंबाई 2 + चौड़ाई 2)

3. विषमकोण समचतुर्भुज (Rhombus) : चार भुजाओं से घिरी वह आकृति, जिसमें चारों भुजाएं बराबर हों, लेकिन एक भी कोण समकोण न हो, उसे विषमकोण समचतुर्भुज या समचतुर्भुज कहते हैं।



- **विषमकोण चतुर्भुज का क्षेत्रफल = ½ x दोनों विकर्णों का गुणनफल**
